नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंचार के विद्यार्थी हैदराबाद में शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

वर्धा, 24 अक्टूबर 2018: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के जनसंचार विभाग के एम. ए. तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हैदराबाद रवाना हुए है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर उन्हें 23 अक्टूबर को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण के संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ. अख्तर आलम तथा सहयोगी के रूप में सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे उनके साथ गये है।

जनसंचार क्षेत्र में भ्रमण की महत्ता को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2017-19 के छात्र-छात्राओं को यह अवसर हर बार की तरह पुनः उपलब्ध कराया गया है। ज्ञान और शिक्षा के विस्तार में भ्रमण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए प्रो. राय ने महापण्डित राहुल सांकृत्यायन का जिक्र किया और कहा कि उनका विभिन्न भाषाओं में ज्ञान अर्जन भ्रमण का ही परिणाम था। इसी क्रम में उन्होंने छात्रों में समसामयिक मुद्दों पर हैदराबाद की आवाम और वहां के मीडिया में चल रही बहस को देखने का आग्रह किया। शैक्षणिक भ्रमण में अनुराधा देवांगन, पूनम मसीह, आरती पांडे, लक्ष्मी विश्वकर्मा, बरखा नेताम, इस्तेखार अहमद, हिमांशु सिंह, श्रीनेत्र पांडे, राहुल, नागेंद्र, गौरव, दीपक, सन्तोष, सुयश शामिल हैं।